LOPMENT AND COMPANY AFFAIRS be pleased to state:

(a) whether it is a fact that the Government of Canada have offered to set up a rayon pulp plant in the Kashmir Valley;

(b) if so, whether Government have accepted the offer; and

(c) if so, the details thereof?

THE MINISTER OF INDUSTRIAL DEVELOPMENT AND COMPANY AFFAIRS (SHRI F. A. AHMED): (a) No, Sir.

(b) and (c). Do not arise.

रेलवे के बिजली विभाग के चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों को ऊनी वर्दियां दिया जाना

159. **श्री ओंकार लाल बेरवा :** क्या रेलवे मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि रेलवे के बिजली विभाग के चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों को ऊनी वर्दियां और रेन कोट नहीं मिलते जब कि उच्च पदक्रम के वायरमैनों और कर्मचारियों को ऊनी वर्दियां और रेन कोट मिलते हैं ; और

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं ?

रेलवे मंत्री (श्री चे० मु० पुनाचा) : (क) जी नहीं ।

(ख) सवाल नहीं उठता ।

Sambhar Salt Ltd.

160. SHRI SRINIBAS MISRA: Will the Minister of INDUSTRIAL DEVELOPMENT AND COMPANY AFFAIRS be pleased to state:

(a) whether it is a fact that the Sambhar Salt Ltd. has shown a profit and declared dividend for 1955-66 without providing for depreciation in full;

(b) the total amount of depreciation that has to be provided for in respect of the items ommitted; and

(c) whether such depreciation will affect the profits shown?

THE MINISTER OF INDUSTRIAL DEVELOPMENT AND COMPANY AFFAIRS (SHRI F. A. AHMED): (a) No, Sir.

(b) and (c). Do not arise.

हैवी इंजीनियरिंग कारपोरेशन, रांची

161. **श्री शिवपूजन शास्त्री : क्या औद्योगिक विकास तथा समवाय कार्य मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) रांची में हुए उपद्रवों का हैवी इंजीनियरिंग कारपोरेशन रांची पर क्या प्रभाव पड़ा है ;

(ख) क्या इसको वित्तीय हानि हुई है और यदि हां, तो कितनी हानि हुई है और इस हानि की पूर्ति किस प्रकार की गई है ; और

(ग) क्या कर्मचारियों में आतंक व्याप्त है और यदि हां, तो इसे दूर करने के लिये क्या कार्यवाही की गई है ?

औद्योगिक विकास तथा समवाय कार्य मंत्री (श्री फखरुद्दीन अली अहमद) : (क) और (ख). 24 अगस्त 1967 से 25 अक्टूबर 1967 की अवधि में 83569 जन दिनों की हानि का अनुमान लगाया गया है । 25 अगस्त से 30 अगस्त 1967 की अवधि में गड़बड़ी के कारण फैक्टरियों के बन्द किए जाने, अक्टूबर में 3 दिन ग़ैर मुस्लिमों द्वारा धीमी गति से काम करने तथा अनिश्चित स्थिति के फलस्वरूप काम के अस्त-व्यस्त हो जाने के कारण 20 लाख रु० की हानि का अनुमान लगाया गया है । प्रभावित कर्मचारियों तथा उनके परिवारों की सहायता तथा पुनर्वास पर निगम ने 2.62 लाख रु० का अतिरिक्त व्यय किया इसमें 31 अगस्त 1967 से 15 अक्टूबर

1967 में विशेष आकस्मिक छुट्टी का कर्मचारियों का वेतन सम्मिलित नहीं है। कम्पनी यथासंभव उत्पादन बढ़ाने का प्रयत्न करेगी।

(ग) अब स्थिति सामान्य है।

मध्य प्रदेश में कपड़ा मिलें

162. **श्री यशवन्त सिंह कुशवाह :** क्या वाणिज्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या मध्य प्रदेश में भिन्ड और दतिया में एक-एक कपड़ा मिल लगाने का निर्णय किया गया है ;

(ख) यदि हाँ, तो इसके लिये किन-किन पक्षों को लाइसेंस दिये गये हैं और लाइसेंसों की शर्तें क्या हैं ;

(ग) उपरोक्त मिलों की अनुमानित क्षमता कितनी होगी और उन पर कितनी लागत आने का अनुमान है ; और

(घ) इस दिशा में अब तक कितनी प्रगति हुई है ?

वाणिज्य मंत्रालय में उप-मंत्री में (श्री मुहम्मद शफ़ी कुरैशी): (क) मध्य प्रदेश में भिन्ड और दतिया में एक-एक कताई मिल के लिये लाइसेंस दिये गये।

(ख) मे० भारत कौमर्स एण्ड इंडस्ट्रीज़ लि० भिन्ड और मे० मध्य प्रदेश स्पिनिंग मिल्स लि०, दतिया को।

(ग) और (घ). उपरोक्त लाइसेंस प्रत्येक मिल के लिए 12,000 तकुओं के लिए थे और अब वे रद्द कर दिये गये हैं।

मध्य रेलवे का दतिया स्टेशन

163. **श्री यशवन्त सिंह कुशवाह :** क्या रेलवे मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) मध्य रेलवे में दतिया स्टेशन के शहर की ओर दूसरा प्लेट फार्म किस तारीख तक बन कर तैयार हो जायेगा ; और

(ख) इस बात को ध्यान में रखते हुए कि दतिया स्टेशन पर वर्तमान प्लेट फार्म शहर के दूसरी ओर है, जहाँ कोई आबादी नहीं है और यात्रियों को शहर में जाने के लिये रेल की लाइन पार करनी पड़ती है, क्या दतिया स्टेशन पर एक ऊपरी पुल बनाने का सरकार का विचार है ?

रेलवे मंत्री (श्री चे० मु० पुनाचा) : (क) दतिया स्टेशन पर अप दिशा में दूसरे प्लेटफार्म का काम पहले ही पूरा हो चुका है।

(ख) जी नहीं। रेलवे लाइनों की एक ओर से दूसरी ओर यात्रियों के जाने के लिए ऊपरी पैदल पुल या ऊपरी सड़क पुल बनाने का कोई विचार नहीं है। लेकिन दोनों प्लेटफार्मों को जोड़ने के लिये एक ऊपरी पैदल पुल की व्यवस्था करने का प्रस्ताव विचाराधीन है।

इस्पात का उत्पादन

164. **श्री यशवन्त सिंह कुशवाह :** क्या इस्पात, खान तथा धातु मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) 1967 में भारत में कितना इस्पात पैदा हुआ ;

(ख) इसमें से कितने इस्पात की देश में खपत हुई तथा कितना इस्पात निर्यात किया गया ; और

(ग) देश में खपाये जाने और विदेशों में निर्यात किये जाने के पश्चात् बचे इस्पात का कितना स्टाक था ?

इस्पात, खान तथा धातु मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री प्र० चं० सेठी) : (क) से (ग). सूचना एकत्र की जा रही है और सभा पटल पर रख दी जाएगी।